RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II राजनीति विज्ञान 2018 (ग्रुप B)

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश अपने पद से त्यागपत्र किसको संबोधित करता है-

(A) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति को
(B) राष्ट्रपति को ✓
(C) कानून मंत्री को
(D) प्रधानमंत्री को

Q.2

जनजातियों के कल्याणी हेतु एक मंत्री की नियुक्ति की जाती है

(A) राजस्थान के राज्यपाल द्वारा
(B) उड़ीसा के राज्यपाल द्वारा ✓
(C) उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा
(D) असम के राज्यपाल द्वारा

Q.3

निम्नांकित में से किस दिनाँक को राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ जयपुर में स्थापित की गई ?

(A) 1 नंवबर, 1956
(B) 8 दिसंबर, 1976 ✓
(C) 26 फरवरी, 1958
(D) 8 मई, 1950

Q.4

निम्नांकित मे से किस समिति की अनुशंसा पर अनुसूचित क्षेत्रों में पंचायती राज का विस्तार अधिनियम, 1996 (पीईएसए) बनाया गया-

(A) दलीप सिंह भूरिया समिति ✓
(B) दया चौथे समिति
(C) पी. के थुंगन समिति
(D) जी. वी. के राव समिति

Q.5

कथन (A) : भारत में स्थानीय सरकारों को एक संवैधानिक दर्जा प्रदान कर दिया गया है ।
कारण (R) : भारत में निर्वाचित स्थानीय संस्थाओं के अस्तित्व को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है ।
सही विकल्प का चुनाव कीजिए -

(A) (A) सही है परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) गलत है परन्तु (R) सही है ।
(C) (A) तथा (R) दोनों ही सही हैं तथा (R) के द्वारा (A) की सही व्याख्या की गई है । ✓
(D) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R) के द्वारा (A) की व्याख्या गलत की गई है ।

Q.6

निम्नांकित विद्वानों में से किसने यह विचार दिया है कि 'भारत में लोकतंत्र साधारणतया, निर्वाचनों तक सीमित हो गया है' ?

(A) एफ. फ्रेंकेल
(B) पार्थ चटर्जी
(C) पी.के. बर्धन ✓
(D) वी. गिडवानी

Q.7

निम्न में से किस विचारक विद्वान ने यह मत प्रदान किया कि 'भारत के लोकतंत्र की दीर्घजीविता का कारण यह है कि यहाँ पर वास्तविक रूप से सहवर्तनीय लोकतंत्र (कन्सोसिएशनल डेमोक्रेसी) की विशेषताएँ विद्यमान हैं' ?

(A) एलेक्जेन्ड्रोविच
(B) कंचन गुप्ता
(C) लिजपार्ट ✓
(D) नानी पालखीवाला

Q.8

कथन (I) : आजकल राजनीति की बेहतर समझ बहुत सी स्त्रियों को होती है ।
कथन (II) : स्त्रियों के आरक्षण के प्रावधान से स्थानीय संस्थाओं में स्त्रियों की अच्छी संख्या में मौजूदगी होती है ।
सही विकल्प का चुनाव कीजिए -

(A) (I) सत्य है तथा (II) असत्य है ।
(B) (I) असत्य है तथा (II) सत्य है ।
(C) (I) तथा (II) सत्य हैं तथा (II) के द्वारा (I) की व्याख्या की गई है । ✓
(D) (I) तथा (II) सत्य हैं परन्तु (II) के द्वारा (I) की व्याख्या नहीं की गई है ।

Q.9

निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए :
(A) बर्लिन दीवार का पतन
(B) रूसी क्रांति
(C) सोवियत संघ का विघटन
(D) अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप

(A) (C), (A), (B), (D)
(B) (C), (D), (A), (B)
(C) (B), (D), (A), (C) ✓
(D) (B), (D), (C), (A)

Q.10

शीत-युद्ध के बारे में निम्न में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) यह संयुक्त राज्य अमेरिका व सोवियत संघ तथा उनके मित्र राष्ट्रों के मध्य प्रतियोगात्मक संघर्ष था ।
(B) यह महाशक्तियों के बीच वैचारिक युद्ध था ।
(C) इसने हथियारों की होड़ को शुरू कर दिया था ।
(D) संयुक्त राज्य अमेरिका व सोवियत संघ प्रत्यक्ष युद्ध में लिप्त हो गये थे । ✓

Q.11

संयुक्त राज्य अमेरिका को 'प्रथम गैर-साम्राज्यवादी महाशक्ति' किसने कहा है ?

(A) लिओन पनेटा ✓
(B) जॉन फोस्टर डलेस
(C) हेनरी किसिंजर
(D) लारैन्स एच. समर्स

Q.12

निम्नांकित में संयुक्त राज्य अमेरिका के किस राष्ट्रपति ने अमेरिकी नागरिकों को 'सैन्य-उद्योग गठजोड़' के बारे में चेतावनी दी ?

(A) हैरी एस. ट्रूमैन
(B) जॉर्ज बुश
(C) एफ.डी. रूजवेल्ट
(D) आइजेनहॉवर ✓

Q.13

'आकांक्षियों के महाजोड़' (कॉएलिएशन ऑफ वीलिंग्स) का संबंध है :

(A) कुवैत की इराक से आजादी
(B) इराक के खिलाफ सामूहिक संहार के हथियारों की समाप्ति का अभियान ✓
(C) अफगानिस्तान पर 2001 के बाद सैनिक कार्रवाई
(D) सुरक्षा परिषद का विस्तार

Q.14

संयुक्त राज्य अमेरिका का "ऑपरेशन एण्डयूरिंग फ्रीडम"

(A) अल-कायदा व तालिबान शासन के विरुद्ध था । ✓
(B) इराक के द्वारा जन संहारक शस्त्र के विकास को रोकने के प्रति प्रेरित था ।
(C) इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन के विरुद्ध था ।
(D) पाकिस्तान के विरुद्ध था ।

Q.15

किसने यह विचार दिया कि, प्राधान्यता 'अच्छे व्यवहार के साथ साम्राज्यवाद' है ?

(A) इमैनुअल कान्ट
(B) वॉल्टर लिपमैन
(C) जॉर्ज श्वार्जनबर्गर ✓
(D) एल. ओपेनहाइम

Q.16

निम्नांकित में से संयुक्त राष्ट्र के किस महासचिव ने इसे, 'पिकासो की अजीब अमूर्तकृति की तरह फैला हुआ एवं जटिल संगठन' कहा है ?

(A) ट्रिग्वे ली
(B) डेग हेमरशॉल्ड ✓
(C) कुर्त वाल्दहीम
(D) कोफी अन्नान

Q.17

'कोपेनहेगन मानदण्ड' शब्दावली का संबंध निम्नांकित में से किस अन्तर्राष्ट्रीय/क्षेत्रीय संगठन से है ?

(A) यूरोपियन यूनियन ✓
(B) आर्कटिक काउन्सिल
(C) संयुक्त राष्ट्र
(D) नाटो

Q.18

यूरोपियन संघ के पास समान -
(A) ध्वज है।
(B) राष्ट्रगान है।
(C) मुद्रा है।
(D) संविधान है।
सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(A) (A), (B), (C) तथा (D)
(B) (A), (B) तथा (C) ✓
(C) (B), (C) तथा (D)
(D) (A), (C) तथा (D)

Q.19

आसियान रीजनल फोरम (ARF) को स्थापित किया गया -

(A) 1992
(B) 1994 ✓
(C) 1996
(D) 1998

Q.20

सन् 1967 में आसियान का निर्माण किया गया था -

(A) बैंकाक घोषणा द्वारा ✓
(B) जापान घोषणा द्वारा
(C) पेरिस घोषणा द्वारा
(D) नई दिल्ली घोषणा द्वारा

Q.21

'फ्रॉम चाणक्य टू मोदी : इवॉल्यूशन ऑफ इण्डियाज फॉरेन पॉलिसी' नामक पुस्तक के लेखक/लेखिका कौन हैं?

(A) कान्ति वाजपेयी
(B) अपर्णा पाण्डे ✓
(C) राजीव सीकरी
(D) जोया हसन

Q.22

60 वर्षों तक बंद रहने के पश्चात, तिब्बत व सिक्किम के बीच का पारंपरिक व्यापार केन्द्र नाथूला दर्रा, पुनः किस वर्ष खोला गया ?

(A) 2005
(B) 2006 ✓
(C) 2007
(D) 2008

Q.23

भारत की 'न्यूक्लियर कमांड अथॉरिटी' (नाभिकीय कमान प्राधिकरण) से सम्बन्धित निम्नांकित में से कौन से कथन सही हैं ?

(A) इसकी स्थापना 2003 में हुई ।
(B) इसमें राजनीतिक परिषद व कार्यकारी परिषद शामिल है ।
(C) इसकी कार्यकारी परिषद की अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है ।

सही उत्तर है :

(A) (A) एवं (B) ✓
(B) (B) एवं (C)
(C) (A) एवं (C)
(D) (A), (B) एवं (C)

Q.24

भारत ने 'इन्टरनेशनल कन्वेन्शन फॉर दी सप्रेशन ऑफ एक्ट्स ऑफ न्यूक्लिअर टेररिज्म' पर किस वर्ष में हस्ताक्षर किए ?

(A) 2005 ✓
(B) 2006
(C) 2007
(D) 2008

Q.25

निम्नांकित विद्वानों में से किसने, भारत की विदेश नीति के संदर्भ में यह कहा कि "निर्विवाद रूप से भारत का भविष्य समुद्र पर निर्भर करेगा"?

(A) जसजीत सिंह
(B) सी. उदय भास्कर
(C) सी. राजामोहन
(D) के.एम. पणिक्कर ✓

Q.26

निम्नांकित में से कौन सा देश मेकाँग-गंगा कोऑपरेशन का सदस्य नहीं है ?

(A) भारत
(B) चीन ✓
(C) थाइलैण्ड
(D) वियतनाम

Q.27

परम्परागत राजनीति सिद्धान्त को 'पराअनुभववादी' बताने वाले विचारक हैं -

(A) किर्क पैट्रिक ✓
(B) रॉबर्ट डहल
(C) डेविड ईस्टन
(D) मैकाइवर

Q.28

राजनीतिक सिद्धांत के परंपरागत परिप्रेक्ष्य की कुछ निश्चित विशेषताएँ होती हैं : (A) मानवीय तत्त्व (B) दार्शनिक उन्मुखीकरण (C) कानूनी संस्थागत पूर्वाग्रह (D) वृहद प्रश्नों पर बल सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(A) (A), (B) तथा (C)
(B) (A), (B) तथा (D)
(C) (A), (C) तथा (D)
(D) (A), (B), (C) तथा (D) ✓

Q.29

निम्नांकित विचारकों में से कौन सा, भाषाई दर्शन से सम्बन्धित है, सन्दर्भवाद से नहीं ?

(A) क्विन्टन स्कीनर
(B) विंच
(C) पॉकॉक
(D) लुडविग विटगेन्सटीन ✓

Q.30

निम्नांकित में से विचारकों का कौन सा युग्म 'राजनीतिक सिद्धांत के पतन' के विचार को नकारता है ?

(A) अल्फ्रेड कोबां एवं रॉबर्ट डहल
(B) डेविड ईस्टन एवं अल्फ्रेड कोबां
(C) लियो स्ट्रॉस एवं पीटर लैसलेट
(D) इसाह बर्लिन एवं लियो स्ट्रॉस ✓

Q.31

".....इतिहास का अन्त जैसे मानव जाति के वैचारिक उदविकास का चरम बिन्द है तथा पश्चिमी उदार लोकतंत्र का सार्वभौमिकीकरण एवं मानव सरकार की स्थापना इसका अन्तिम रूप है।" यह कथन किसका है?

(A) इसाह बर्लिन
(B) जॉर्ज बुश
(C) फ्रांसिस फुकुयामा ✓
(D) रॉनाल्ड रीगन

Q.32

राजनीति विज्ञान के 'विज्ञान' तत्त्व के संदर्भ में यह कहा जाता है कि -

कथन (I) : कुल मिलाकर राजनीति विज्ञान सामान्य तौर पर स्वीकार्य अवधारणाओं की शब्दावली विकसित करने में असफल हो गया है।

कथन (II) : वैज्ञानिक व्याख्याओं में राजनीतिक घटनाओं की जटिलता आड़े आती है।

सही विकल्प का चुनाव कीजिए -

(A) (I) सत्य है पर (II) मिथ्या है।
(B) (I) मिथ्या है पर (II) सत्य है।
(C) (I) तथा (II) दोनों सत्य हैं। ✓
(D) (I) तथा (II) दोनों मिथ्या हैं।

Q.33

राज्य की व्याख्या शक्ति-व्यवस्था के रूप में किसने की थी ?

(A) ओपनहाइमर
(B) मैकियावेली ✓
(C) लॉस्की
(D) ग्रोशियस

Q.34

निम्नांकित विचारकों में से किस विचारक ने राज्य को एक नैतिक विचार और मानवीय आजादी की उच्चतम अभिव्यक्ति के रूप में देखा है ?

(A) जॉन लॉक
(B) हरबर्ट स्पेन्सर
(C) फ्रेडरिक हीगेल ✓
(D) जेरेमी बेन्थम

Q.35

राज्य के कार्यों के विषय में व्यक्तिवादियों का पक्ष किस वैज्ञानिक विचार से प्रभावित है ?

(A) मानव उद्गम सिद्धांत
(B) योग्यतम की विजय ✓
(C) गति का नियम
(D) गुरुत्वाकर्षण का नियम

Q.36

राज्य के कार्यों के समाजवादी सिद्धांत के अनुसार राज्य है -

(A) एक आवश्यक बुराई
(B) एक नैतिक आदर्श
(C) एक सकारात्मक अच्छाई ✓
(D) एक आध्यात्मिक पक्ष

Q.37

"जैसे ही हम ऑस्टिन की रूखी, पर वैधानिक धारणा से दूर जाते हैं, वैसे ही हम भ्रम में पड़ जाते हैं।" सम्प्रभुता के संदर्भ में यह कथन है -

(A) लास्की का
(B) विलोबी का
(C) लीकॉक का ✓
(D) गिडिन्स का

Q.38

निम्नांकित में से किस विद्वान/विचारक ने द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका को 'सार्वजनिक विमर्श के लिए सशक्त यंत्र' कहा है ?

(A) बैन्जामिन फ्रैंकलिन
(B) जेम्स ब्राइस ✓
(C) गैटेल
(D) फाइनर

Q.39

निम्नांकित में से किस विद्वान ने अपनी संक्षिप्त कृति 'लेजिस्लेचर्स' में, 'विधायिका के पतन' का उल्लेख किया है ?

(A) के.सी. ह्वीयर ✓
(B) हरमन फाइनर
(C) वॉल्टर बैजहॉट
(D) ग्लेडस्टोन

Q.40

विधायिका के उच्च सदनों के सही समूह को पहचानिए :

(A) लॉर्ड सभा, सीनेट, प्रतिनिधि सदन

(B) राज्य सभा, लॉर्ड सभा, पार्षद सदन ✓

(C) राज्य सभा, सीनेट, प्रतिनिधि सदन

(D) लॉर्ड सभा, राज्य सभा, प्रतिनिधि सदन

Q.41

संघीय न्यायालय के न्यायाधीशों का चुनाव विधायिका द्वारा करने वाला देश है -

(A) जर्मनी

(B) फ्रान्स

(C) स्विट्जरलैण्ड ✓

(D) हॉलैण्ड (नीदरलैण्ड)

Q.42

"अन्य किसी भी शासन प्रणाली की अपेक्षा लोकतंत्र एक उत्तम व उच्च कोटि के राष्ट्रीय चरित्र का विकास करता है।" यह कथन है -

(A) जे.एस. मिल ✓

(B) ब्राइस

(C) लास्की

(D) मैकाइवर

Q.43

संघीय शासन व्यवस्था की विशेषताओं का सही समूह है -

(A) अनेक सरकारें, लिखित संविधान, स्वतंत्र न्यायपालिका ✓

(B) एक सरकार, शक्ति पृथक्करण, शक्तिशाली कार्यपालिका

(C) बहुल कार्यपालिका, शक्तिशाली राज प्रमुख, अलिखित संविधान

(D) दोहरी कार्यपालिका, संविधान संशोधन की सहज प्रक्रिया, नियंत्रित न्यायपालिका

Q.44

'लाकसो एवं टागेपेरा सूचकांक' सम्बन्धित है -

(A) राजनीतिक दलों से ✓

(B) दबाव समूहों से

(C) भ्रष्टाचार से

(D) सरकार के प्रति नागरिकों के संतुष्टि के स्तर से

Q.45

निम्नांकित में से कौन सा विचारक राजनीतिक दलों को 'संगठित भागीदारी की गैर-नियोजित संस्था' मानता है ?

(A) फिलिप सेलजनिक

(B) ए. एन. होलकोम्ब

(C) चार्ल्स बीयर्ड

(D) सेम्युअल जे. एल्डर्सवेल्ड ✓

Q.46

लिपसेट एवं रोक्कन द्वारा दिया गया राजनीतिक दलों का मॉडल, किस क्षेत्र के राजनीतिक दलों की उत्पत्ति पर आधारित है ?

(A) पश्चिमी यूरोप ✓
(B) दक्षिणी एशिया
(C) पूर्वी अफ्रीका
(D) दक्षिणी अमेरिका

Q.47

हिटलर के 'तूफानी दस्ते' व माओ के 'लाल रक्षक' दुवर्जर के राजनीतिक दलों के संगठन की व्याख्या अनुसार किस श्रेणी में आयेंगे ?

(A) मिलीशिया ✓
(B) कौकस
(C) सेल
(D) ब्रान्च

Q.48

दबाव समूहों को 'गैर-सरकारी शासन' कहने वाले विचारक हैं -

(A) फाइनर एवं बोन्डेल ✓
(B) थारस्टीन सेलिन एवं रिचर्ड लैम्बर्ट
(C) आमण्ड एवं पॉवेल
(D) वाटसन एवं ब्राइस

Q.49

शब्दावली 'उदात्त झूठ' निम्नांकित में से किस विचारक से सम्बन्धित है ?

(A) प्लेटो ✓
(B) अरस्तू
(C) हीगल
(D) टी.एच. ग्रीन

Q.50

अरस्तू ने राज्य को एक समुदाय के रूप में नाम दिया है -

(A) स्टेट
(B) कॉयोनोनिया ✓
(C) पॉलिटिक्स
(D) कैलियस

Q.51

कौटिल्य के अनुसार 'द्रोणमुख' है -

(A) 100 गाँवों का मुख्यालय
(B) 400 गाँवों का मुख्यालय ✓
(C) एक प्रशासनिक पद
(D) एक सैनिक पद

Q.52

कौटिल्य के अनुसार 'सीताध्यक्ष' का क्या कार्य (दायित्व) है ?

(A) कृषि सम्बन्धी गतिविधियों का प्रभारी ✓
(B) कर सम्बन्धी गतिविधियों का प्रभारी
(C) वस्त्र उत्पादन का प्रभारी
(D) वन विभाग का प्रभारी

Q.53

निम्नांकित में से किसने यह व्यक्त किया है कि मैकियावेली को केवल 'बुराई के शिक्षक' के रूप में चित्रित किया जा सकता है ?

(A) आर.एन. बर्की
(B) जॉर्ज सेबाइन
(C) हेरॉल्ड लास्की
(D) लियो स्ट्रॉस ✓

Q.54

हॉब्स के विचारों के सन्दर्भ में दिए गए कथनों को ध्यान से पढ़िए :

I. राज्य एक कृत्रिम संस्था है।
II. राज्य प्राकृतिक है।
III. उसका दर्शन भौतिकशास्त्र से प्रभावित है।
IV. मानव को वस्तुएँ आकर्षित करती हैं विकर्षित नहीं।

सही कथन हैं -

(A) I, IV
(B) II, III
(C) I, III ✓
(D) III, IV

Q.55

निम्नांकित में से किस विचारक ने यह तर्क दिया है कि जॉन लॉक 'बुर्जुआ वर्ग के अधिनायकवाद' का समर्थक है ?

(A) हन्ना आरेन्ट
(B) फ्रेडरिक जेमसन
(C) भीखू पारेख
(D) सी.बी. मेकफरसन ✓

Q.56

निम्नांकित में से किस लेखक ने रूसो के चिन्तन को 'पूंजीवाद और पूंजीवादी समाज के विवरण का प्रयास' बताया है ?

(A) क्विन्टन स्कीनर
(B) रोजा लक्जमबर्ग
(C) लूसियो कोलेटी ✓
(D) कार्ल कॉट्स्की

Q.57

निम्नांकित में से किसने प्राकृतिक अधिकारों की आलोचना करते हुए, उन्हें अराजक भ्रम कहा है ?

(A) हॉब्स
(B) बेन्थम ✓
(C) कार्ल मार्क्स
(D) मैकियावली

Q.58

निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक जे.एस. मिल द्वारा लिखी गई है ?

(A) वाट इज लिबर्टी
(B) प्रिंसीपल्स ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी ✓
(C) द लिबर्टी ऑफ वीमेन
(D) यूटीलिटेरियन सोसायटी

Q.59

निम्नांकित में से कौन यह दावा करता है कि "कार्ल मार्क्स का वैज्ञानिक समाजवाद न केवल समाज के बारे में गलत था बल्कि विज्ञान के बारे में में भी गलत था" ?

(A) डेविड ईस्टन
(B) कार्ल पॉपर ✓
(C) इसाह बर्लिन
(D) जुर्गेन हेबरमास

Q.60

भारत के निम्नांकित नेताओं में से कौन 'सेकन्ड इन्टरनेशनल (ऑर्गेनाइजेशन ऑफ सोशलिस्ट एण्ड लेबर पार्टीज) के सदस्य रहे थे ?

(A) दादाभाई नौरोजी ✓
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) गोपाल कृष्ण गोखले
(D) एम.एन. रॉय

Q.61

"दी लाईफ डिवाइन" के लेखक कौन हैं ?

(A) एम.के. गांधी
(B) जवाहरलाल नेहरू
(C) श्री अरबिन्दो ✓
(D) आर.एम. लोहिया

Q.62

निम्नांकित में से प्लेटो की किस पुस्तक का महात्मा गांधी द्वारा गुजराती में अनुवाद किया गया था ?

(A) क्रीटो
(B) रिपब्लिक
(C) अपोलॉजी ✓
(D) चार्मीडीस

Q.63

नेहरू ने स्वंय पर जिन व्यक्तियों का सर्वाधिक प्रभाव स्वीकार किया है, वह समूह पहचानिए-

(A) मोतीलाल नेहरू, लास्की, मार्क्स
(B) मोतीलाल नेहरू, गाँधी, रवीन्द्रनाथ टैगोर ✓
(C) गाँधी, गोखले, अरविन्द
(D) लास्की, गोखले, गाँधी

Q.64

जाति प्रथा का उन्मूलन ('एनिहिलेशन ऑफ कास्ट') पुस्तक में अम्बेडकर ने अस्पृश्यता से मुक्ति तभी संभव मानी है जब हों -
I. अन्तर्जातीय विवाह
II. अन्तर्जातीय खानपान
III. समान शिक्षा व्यवस्था
IV. शासन में भागीदारी
सही विकल्प हैं -

(A) I, IV
(B) I, III
(C) II, IV
(D) I, II ✓

Q.65

चौखम्बा राज्य के सिद्धांत का किसने समर्थन किया था ?

(A) जवाहरलाल नेहरू
(B) मोतीलाल नेहरू
(C) जे.पी. नारायण
(D) आर.एम. लोहिया ✓

Q.66

'खाम' (के.एच.ए.एम.) गठबन्धन निम्नांकित में से किस भारतीय राज्य की राजनीति से सम्बन्धित है ?

(A) पंजाब
(B) गुजरात ✓
(C) हरियाणा
(D) राजस्थान

Q.67

'गरीबी हटाओ' भारत के किस लोक सभा निर्वाचन का प्रमुख नारा था ?

(A) 1977
(B) 1971 ✓
(C) 1980
(D) 1957

Q.68

दलित पैंथर्स आंदोलन का प्रारम्भ हुआ था -

(A) झारखण्ड
(B) महाराष्ट्र ✓
(C) छत्तीसगढ़
(D) आंध्रप्रदेश

Q.69

सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची-I (विचारक)	**सूची-II (लोकतंत्र से सम्बन्धित शब्दावली)**
(A) सिमोन चैम्बर्स	(i) संचरीय लोकतंत्र
(B) आइरिश मेरियन यंग	(ii) तर्कबुद्धिवादी लोकतंत्र
(C) जॉन ड्राइजेक	(iii) विमर्शी लोकतंत्र
(D) फिलिप पेटिट	(iv) संघर्षपूर्ण लोकतंत्र

कूट :

(A) (B) (C) (D)

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (ii) (i) (iii) (iv) ✓

(C) (iii) (iv) (i) (ii)

(D) (i) (iii) (ii) (iv)

Q.70

सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची- I (राजनीतिक दल)	**सूची-II (स्थापना का वर्ष)**
(A) डीएमके	(i) 1985
(B) एआईएडीएमके	(ii) 1982
(C) तेलगू देशम	(iii) 1949
(D) असम गण परिषद	(iv) 1972

कूट :

(A) (B) (C) (D)

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (ii) (i) (iv) (iii)

(C) (iii) (iv) (ii) (i) ✓

(D) (iv) (iii) (i) (ii)

Q.71

सूची-I में दिए गए प्रसिद्ध नेताओं को सूची-II में दिए गए उनके राजनीतिक दलों से मिलायें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर का चुनाव कीजिए :

सूची- I	**सूची-II**
(A) एस.ए. डांगे	(i) भारतीय जन संघ
(B) एस.पी. मुखर्जी	(ii) स्वतंत्र पार्टी
(C) मीनू मसानी	(iii) प्रजा सोशलिस्ट पार्टी
(D) अशोक मेहता	(iv) कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया

कूट :

(A) (B) (C) (D)

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (iv) (ii) (i) (iii)

(C) (iv) (i) (ii) (iii) ✓

(D) (iv) (iii) (ii) (i)

Q.72

निम्नांकित में से भारत के किस राज्य में प्रथम बार 'संयुक्त विधायक दल' गठबन्धन सरकार की स्थापना हुई ?

(A) बिहार ✓
(B) तमिलनाडु
(C) आंध्रप्रदेश
(D) उत्तरप्रदेश

Q.73

निम्न कथनों में से कौन सा असत्य है ?

(A) चिपको आंदोलन शराबखोरी के विरोध का आंदोलन था । ✓
(B) लोकप्रिय आंदोलनों व राजनीतिक दलों के मध्य का संबंध कमजोर होता है ।
(C) नवीन सामाजिक आंदोलन जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हैं ।
(D) लोकप्रिय आंदोलन चुनावी क्षेत्र के बाहर जन-कार्यवाही पर केन्द्रित करता है ।

Q.74

निम्नांकित में से किस लेखक का भारत के बारे में यह विचार है कि "एक संविधान इस बात की ओर इंगित करता है कि हमें किस दिशा की तरफ चलना है परन्तु सामाजिक संरचना यह तय करेगी कि हम कितनी दूर और किस गति से आगे बढ़ने में सक्षम हैं"?

(A) वी.ए. पाई पननदिकर
(B) आन्द्रे बेताई ✓
(C) आशीष नन्दी
(D) क्रिस्टॉफे जेफरलॉ

Q.75

सूचना के अधिकार के आंदोलन की शुरुआत हुई :

(A) मध्यप्रदेश
(B) राजस्थान ✓
(C) उत्तरप्रदेश
(D) दिल्ली

Q.76

यू.एन.एम.ओ.जी.आर.पी. है -

(A) संयुक्त राष्ट्र का पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम
(B) संयुक्त राष्ट्र का परमाणु शस्त्र नियंत्रण कार्यक्रम
(C) संयुक्त राष्ट्र का भारत-पाक सम्बन्धों के संदर्भ में बनाया गया आयोग ✓
(D) विश्व बैंक का एक कार्यक्रम

Q.77

भारत-बांग्लादेश के मध्य हुए भूमि सीमा समझौते 2015 में भारत द्वारा प्रदान किए जा रहे एन्क्लेव से संबंधित राज्यों का सही समूह है -

(A) असम, नागालैण्ड, मेघालय
(B) असम, मेघालय, त्रिपुरा ✓
(C) मेघालय, नागालैण्ड, मिजोरम
(D) मेघालय, त्रिपुरा, नागालैण्ड

Q.78

भारत के संदर्भ में सबसे पसंदीदा देश (M.F.Ns.) का सही समूह पहचानिए - (सितम्बर 2018 तक)

(A) बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल ✓
(B) नेपाल, म्यांमार, मालदीव
(C) बांग्लादेश, मालदीव, यूक्रेन
(D) नेपाल, यूक्रेन, मालदीव

Q.79

निम्न कथनों को ध्यान से पढ़िए :
I. डोकलाम एक ट्राइ-जंक्शन है।
II. यह विवाद मूलतः चीन व भूटान के मध्य है।
III. वर्तमान में डोकलाम पर चीन का कब्जा है।

(A) I सही व II, III गलत
(B) I, II सही व III गलत ✓
(C) II सही व I, III गलत
(D) I, II, III तीनों ही सही

Q.80

किस दिनांक को, भारत व भूटान के बीच मित्रता की संधि, शांति की माँग एवं एक दूसरे के आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप, पर हस्ताक्षर किए गए ?

(A) 31 जुलाई, 1950
(B) 6 जून, 1949
(C) 8 अगस्त, 1949 ✓
(D) 8 नवम्बर, 1949

Q.81

'हेन्ड इन हेन्ड'-2008 सेना का आतंकवाद विरोधी अभ्यास, संयुक्त रूप से किन देशों ने किया ?

(A) भारत-चीन ✓
(B) भारत-संयुक्त राज्य अमेरिका
(C) भारत-रूस
(D) भारत-मालदीव

Q.82

चुनाव के एक अध्ययन में मतदाताओं की पसंद को उनके आर्थिक स्थिति से जोड़कर देखा जाता है तथा एक प्रकार का प्रतिमान का पता चलता है । यह व्यवहारवाद की विशिष्ट प्रकार की विशेषता को दर्शाता है और उसे कहते हैं -

(A) तकनीक
(B) व्यवस्थाबद्धीकरण
(C) विशुद्ध विज्ञान
(D) नियमितताएँ ✓

Q.83

व्यवहारवाद के अर्थ के संदर्भ में सही युग्म पहचानिए -

(A) राजनीति विज्ञान में एक नवीन क्रांति - रॉबर्ट डहल ✓
(B) शोध व्यवस्थित होनी चाहिए - डेविड ट्रूमैन
(C) परम्परावाद का विरोध - जॉन रॉल्स
(D) आनुभविक पद्धतियों पर बल - लियो स्ट्रॉस

Q.84

निम्न में से कौन सा डेविड ईस्टन के व्यवस्था उपागम में माँगों के अतिभार की समस्या को कम करने का 'नियामक यंत्र' है ?

(A) प्रशासनिक यंत्र
(B) आर्थिक यंत्र
(C) सांस्कृतिक यंत्र ✓
(D) भौगोलिक यंत्र

Q.85

राजनीतिक व्यवस्थाओं की कुछ समान विशेषताएँ होती हैं, इन्हें नीचे सूचीबद्ध किया गया है -

(A) सभी के पास एक संरचना होती है ।
(B) सभी के द्वारा समान कार्य निष्पादित किए जाते हैं ।
(C) इन संरचनाओं के द्वारा एक से ज्यादा कार्य निष्पादित किए जाते हैं ।
(D) सभी व्यवस्थाओं में आधुनिक व प्राचीन तत्वों का समावेश होता है ।

आमण्ड की संरचनात्मक-प्रकार्यात्मक उपागम के प्रकाश में सही विकल्प का चुनाव कीजिए -

(A) सभी विशेषताएँ स्वीकार्य हैं । ✓
(B) (A) तथा (D) स्वीकार्य है ।
(C) (A), (C) तथा (D) स्वीकार्य है ।
(D) (A), (B) तथा (D) स्वीकार्य है ।

Q.86

राजनीतिक विकास से सम्बन्धित संकल्पनाओं के संदर्भ में कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

| **(विद्वान)** | **(संकल्पनाएँ)** |
| :— | :— |

(A) सेम्युअल हंटिंगटन - अन्तराल परिकल्पना
(B) एस.एन. आइजनस्टेड - राजनीतिक अवरोध
(C) ल्यूसियन पाई - पारिभाषिक प्राथमिकताओं की समस्या
(D) फ्रेड रिग्स - विकास फन्द ✓

Q.87

सिडनी वर्बा और गेब्रियल ए. आमण्ड की 'राजनीतिक संस्कृति' की संकल्पना के सन्दर्भ में निम्नांकित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) इटली - विमुख राजनीतिक संस्कृति
(B) जर्मनी - विमुख एवं आकांक्षापूर्ण राजनीतिक संस्कृति ✓
(C) संयुक्त राज्य अमेरिका - सहभागी राजनीतिक संस्कृति
(D) ग्रेट ब्रिटेन - श्रद्धासूचक राजनीतिक संस्कृति

Q.88

निम्नांकित में से किस विद्वान ने संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय व्यवस्था को 'सहकारी संघवाद' कहा है ?

(A) मोरिस जोन्स
(B) डेनियल एलजार ✓
(C) ओपेनहाइमर
(D) हरमन फाइनर

Q.89

निम्नांकित में से कौन सा विचारक 'पारस्परिक परमाणु प्रतिरोध' को 'इकाई वीटो (निषेधाधिकार) व्यवस्था' कहता है ?

(A) रॉबर्ट गिलपिन
(B) हैरॉल्ड निकलसन
(C) मॉर्टन काप्लान ✓
(D) केनेथ वॉल्ट्ज़

Q.90

अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के यथार्थवादी सिद्धांत की मूल मान्यताएँ हैं -
I. अनुभवपरक
II. सुरक्षा व शक्ति तत्त्वों में छिपे हितों का अध्ययन
III. इतिहास अध्ययन पर विशेष बल
IV. राष्ट्रीय हित सर्वोच्च है।
सही विकल्प का चुनाव कीजिए :

(A) I, II, III
(B) I, II, IV ✓
(C) III, IV
(D) II, III

Q.91

साम्राज्यवाद के आर्थिक सिद्धांतों में 'दानवी सिद्धांत' देने वाले विचारक हैं -

(A) पामर
(B) मार्गन्थाऊ
(C) पार्कर टी. मून ✓
(D) चार्ल्स ए. बीयर्ड

Q.92

शिक्षण के संबंध में निम्न में से कौन सा क्रम सही है ?

(A) स्मरण करना - बोधगम्य करना - चिंतन करना ✓
(B) बोधगम्य करना - स्मरण करना - चिंतन करना
(C) चिंतन करना - स्मरण करना - बोधगम्य करना
(D) इनमें से सभी

Q.93

एक अच्छे शिक्षक के क्या गुण हैं ?

(A) शिक्षक की योग्यता
(B) योग्यता एवं शिक्षण कुशलता
(C) शिक्षण कुशलता एवं उपलब्धियाँ
(D) योग्यता, शिक्षण कुशलता एवं उपलब्धियाँ ✓

Q.94

शिक्षण के संदर्भ में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) यह सामाजिक प्रक्रिया है।
(B) यह सोद्देश्य प्रक्रिया है।
(C) यह मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है। ✓
(D) यह त्रिध्रुवीय प्रक्रिया है।

Q.95

शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में केन्द्र बिंदु होता है?

(A) शिक्षक
(B) शिक्षण
(C) छात्र ✓
(D) पाठ्यचर्या

Q.96

'शिक्षण में निम्न में से किसके उपयोग से अधिगम के सभी उद्देश्य यथा ज्ञानात्मक, भावात्मक एवं क्रियात्मक की प्राप्ति की जा सकती है ?'

(A) रेडियो
(B) रेखाचित्र
(C) प्रतिमान
(D) भाषा प्रयोगशाला ✓

Q.97

"बच्चों के नैतिक व्यवहार को सीखने का मुख्य आधार प्रेक्षण है।" यह मत निम्न में से किस सिद्धांत का है-

(A) प्रबलन का सिद्धांत
(B) संज्ञानात्मक विकास का सिद्धांत
(C) नैतिक विकास का सिद्धांत
(D) सामाजिक अधिगम का सिद्धांत ✓

Q.98

____ के अनुसार "नैतिक विकास से तात्पर्य बढ़ती उम्र के साथ विभिन्न क्रियाओं के सही या गलत होने के बारे में सोचने की क्षमता में परिवर्तन से होता है ।"

खाली स्थान में सही नाम भरिए :

(A) बेरोन
(B) जैनडेन ✓
(C) इरिक्सन
(D) बन्डुरा

Q.99

पियाजे के अनुसार औपचारिक संक्रिया की अवस्था है

(A) 11 वर्ष से वयस्कता ✓
(B) 12 वर्ष से वयस्कता
(C) 13 वर्ष से वयस्कता
(D) 14 वर्ष से वयस्कता

Q.100

किशोर के मानसिक स्वास्थ्य को उन्नत बनाने में निम्न में से किसकी भूमिका अहम होती है ?

(A) शिक्षक
(B) पाठ्यचर्या
(C) विद्यालय अनुशासन
(D) सभी की ✓

Q.101

निम्नलिखित में अपराधी बालकों के उपचार एवं शिक्षा के लिए कौनसी निरोधात्मक प्रविधि है?

(A) बाल अपराध न्यायालय
(B) पुनर्वास विधि
(C) माता-पिता का स्नेह एवं प्यार ✓
(D) मनोगतिक विधि

Q.102

"किशोरों में आक्रामकता, तनाव एवं तूफान की स्थिति या उनमें सामाजिकता की स्थिति मूलतः उनकी सांस्कृतिक आदतों एवं मानकों पर आधारित होती है ।"
निम्नलिखित में से कौन सा सिद्धांत इस मत का समर्थन करता है ?

(A) जी.एस. हाल का सिद्धांत
(B) बन्डुरा का सिद्धांत
(C) इरिक्सन का सिद्धांत
(D) मानवशास्त्रीय सिद्धांत ✓

Q.103

मूलतः निर्देशन के कितने प्रकार बताए गए हैं ?

(A) 3 प्रकार ✓
(B) 5 प्रकार
(C) 4 प्रकार
(D) 7 प्रकार

Q.104

"समायोजन व्यक्ति की ____ है जो उसकी आवश्यकता, इच्छाओं एवं वातावरण के कारकों के बीच संतुलन बनाए रखती है जो इनकी संतुष्टि में सहायक हैं ।"
वाक्य को नीचे दिए गए शब्दों में से सही को चुन कर पूरा कीजिए :

(A) योग्यता
(B) क्षमता ✓
(C) धैर्य
(D) विवशता

Q.105

एलन एवं रायन ने कितने शिक्षण कौशल बताए हैं ?

(A) 14 ✓
(B) 13
(C) 12
(D) 11

Q.106

शिक्षण कौशल है

(A) शिक्षक व्यवहार ✓
(B) शिक्षण व्यूहरचना
(C) शिक्षण प्रतिमान
(D) शिक्षण विधि

Q.107

निम्न में से कौन सा धनात्मक पुनर्बलन का उदाहरण नहीं है ?

(A) प्रशंसा
(B) दण्ड ✓
(C) गुणविवेचना
(D) पुरस्कार

Q.108

वैज्ञानिक पूछताछ शिक्षण प्रतिमान के प्रतिपादक हैं :

(A) जीन पियाजे
(B) डेविड पी. आसूबेल
(C) जोसेफ जे. शोएब ✓
(D) रिचर्ड सचमेन

Q.109

संचार प्रक्रिया का सही क्रम निम्न में से कौन सा है ?

(A) भेजने वाला - संदेश - माध्यम - प्राप्तकर्ता ✓
(B) संदेश - भेजने वाला - माध्यम - प्राप्तकर्ता
(C) भेजने वाला - माध्यम - संदेश - प्राप्तकर्ता
(D) माध्यम - संदेश - भेजने वाला - प्राप्तकर्ता

Q.110

मोडेम का पूरा नाम है

(A) मोड्यूलेटर डिस्क
(B) मीडिएटर डिस्क
(C) मोड्यूलेटर-डिमोड्यूलेटर ✓
(D) मीडियम डिवाइस

Q.111

निम्नलिखित में से 1 गीगा बाईट का सही समतुल्य है?

(A) 2^{10} MB ✓
(B) 2^{10} KB
(C) 2^{10} TB
(D) 2^{10} Byte

Q.112

जब विद्युत प्रवाह कट जाता है तब डाटा एवं प्रोग्राम __ में खो जाते हैं।

(A) रोम
(B) हार्ड डिस्क
(C) रैम ✓
(D) द्वितीयक स्मृति

Q.113

निम्न में से किसे आउटपुट डिवाइस कहा जाता है?

(A) जायस्टिक
(B) मॉनिटर ✓
(C) सी.पी.यू.
(D) पेन-ड्राइव

Q.114

कम्प्यूटर सहायता अनुदेशन में कम्प्यूटर का उपयोग

(A) शिक्षण सामग्री की तरह किया जाता है।
(B) शिक्षक की जगह प्रतिस्थापित किया जाता है।
(C) शिक्षण को प्रभावी बनाता है।
(D) अनुदेशन सामग्री के कार्यक्रम को चलाने के लिए मशीन की तरह उपयोग किया जाता है। ✓

Q.115

रचनात्मक अधिगम में शिक्षक की भूमिका के रूप में होती है ।

(A) मित्र
(B) सुगमकर्ता ✓
(C) अनुदेशक
(D) निर्देशक

Q.116

निम्न में से कौन सी प्रक्रिया दर्शाती है कि कक्षा में रचनात्मक अधिगम की परिस्थितियाँ बनी हैं ?

(A) निर्वचन सृजन
(B) बहुविध व्याख्या
(C) बहुविध अभिव्यक्तियाँ
(D) सभी ✓

Q.117

विद्यालय संगठन के बारे में कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) विद्यालय संगठन एक सक्रिय और विकासशील इकाई है।
(B) विद्यालय संगठन का रूप परिस्थितियों एवं आवश्यकताओं के साथ नहीं बदलता। ✓
(C) विद्यालय संगठन विभिन्न व्यक्तियों का समूह होता है जो छोटा और बड़ा हो सकता है।
(D) विद्यालय संगठन एक साधन है जो सामान्य निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता प्रदान करता है।

Q.118

राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शालाप्रधान के लिए निम्न में से कौन सी शैली उपयुक्त है ?

(A) निरंकुश शैली
(B) निरंकुश एवं प्रजातांत्रिक शैली दोनों
(C) एकीकृत शैली ✓
(D) इनमें से कोई नहीं

Q.119

निम्न में से कौन सा कथन संस्थान में समय-सारिणी की आवश्यकता एवं महत्त्व को दर्शाता है ?

(A) यह संस्थान के सुचारु एवं क्रमानुसार तरीके से चलने को सुनिश्चित करता है ।

(B) यह संस्थान में अनुशासन बनाए रखने में सहायक है ।

(C) यह स्टाफ एवं विद्यार्थियों में समय-निष्ठता को बढ़ावा देता है ।

(D) ये सभी ✓

Q.120

निम्न में से 'इमोशनल इंटेलिजेंस' पुस्तक के लेखक कौन हैं ?

(A) जॉन मेयर

(B) डेनियल गोलमेन ✓

(C) पीटर सेलोवे

(D) इनमें से कोई नहीं

Q.121

भारत में इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?

(A) विदेश सेवा निगम लिमिटेड ✓

(B) महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड

(C) दूरसंचार विभाग

(D) इनमें से कोई नहीं

Q.122

किसने राजनीति-सिद्धांत को 'राजनीति के आलोचनाशास्त्र' के रूप में वर्णित किया है ?

(A) दांते जर्मिनो ✓

(B) हर्बर्ट मार्क्युज़े

(C) कार्ल पॉपर

(D) डेविड ईस्टन

Q.123

राजनीति सिद्धांत प्रासंगिक है -

I. राजनीतिक आदर्शों की कठोरे अनुपालना के लिए ।
II. राजनीतिक संस्थाओं की बुनियादी जानकारी को समझने हेतु ।
III. तार्किक अभिवृत्ति के निर्माण में ।
IV. विचारों की उदारता के विकसित होने में

सही विकल्प हैं

(A) I, II

(B) I, II, III

(C) II, III, IV ✓

(D) I, III

Q.124

प्राकृतिक अधिकारों के सिद्धांत के समर्थकों के अनुसार -

कथन (A) : प्रकृति के द्वारा मनुष्यों को अधिकार प्रदत्त होते हैं ।

कारण (R) : मनुष्यों को समाज में इन अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है ।

(A) (A) सही है किन्तु (R) गलत है ।

(B) (A) गलत है किन्तु (R) सही है ।

(C) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R) के द्वारा (A) की सही व्याख्या की गई है । ✓

(D) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किन्तु (R) के द्वारा (A) की व्याख्या सही नहीं है ।

Q.125

निम्नांकित विचारकों में से यह किसने कहा है कि "प्रमुख समस्या स्वतंत्रता की नहीं है, परन्तु एक विधिमान्य राजनीतिक व्यवस्था के निर्माण की है" ?

(A) गेरहर्ड लेहम्ब्रुख

(B) गेब्रियल आमण्ड

(C) सेम्युअल हंटिंगटन ✓

(D) फ्रांसिस फुकुयामा

Q.126

निम्न विचारकों में से कौन यह मानता था कि स्वतंत्रता एवं समानता एक दूसरे के पूरक नहीं हैं ?

(A) एक्टन ✓

(B) लास्की

(C) मार्क्स

(D) लॉक

Q.127

'नारीवाद' के अनुसार लैंगिक असमानता का मूल कारण है -

(A) कानूनी व्याख्याएँ

(B) पितृसत्ता ✓

(C) शासन प्रक्रियाएँ

(D) प्राकृतिक अन्तर

Q.128

सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूटों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए :

सूची - I (विचारक)

(A) एरिक राकोवस्की
(B) अमर्त्य सेन
(C) माइकल वाल्जर
(D) जेरेमी बेन्थम

सूची - II (दृष्टिकोण)

(I) जटिल समानता
(II) सामर्थ्य की समानता
(III) संसाधनों की समानता
(IV) कल्याण की समानता

(A) (A)-(I), (B)-(II), (C)-(III), (D)-(IV)
(B) (A)-(II), (B)-(I), (C)-(IV), (D)-(III)
(C) (A)-(III), (B)-(II), (C)-(I), (D)-(IV) ✓
(D) (A)-(IV), (B)-(III), (C)-(II), (D)-(I)

Q.129

निम्नांकित में से किसने 'विभेदीकृत नागरिकता' का विचार प्रस्तुत किया ?

(A) मार्शल
(B) आइरिस मेरियन यंग ✓
(C) एलीस्डेयर मैकेन्टायर
(D) अमिताई एतज़िओनी

Q.130

'नागरिक मानववाद' को संबोधित करने के लिए विल किमलिक किस शब्दावली का उपयोग करता है ?

(A) विभेदीकृत नागरिकता
(B) बहुसांस्कृतिक वर्तमान
(C) अरस्तूवादी गणतंत्रवाद ✓
(D) उदारवादी नागरिकता

Q.131

निम्नांकित में से किसका यह मानना है कि "न्याय सामाजिक संस्थाओं का पहला सद्गुण है" ?

(A) प्लेटो
(B) अरस्तू
(C) जॉन रॉल्स ✓
(D) अमर्त्य सेन

Q.132

रॉल्स ने समाज में लाभ और भार के वितरण हेतु निष्पक्ष चिंतन का प्रेरणा स्रोत माना है -

(A) नैतिकता
(B) धर्म
(C) विश्वास
(D) विवेकशीलता ✓

Q.133

संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक के संकेतक हैं -
I. आर्थिक उन्नति के सूचकांक की दर
II. आयु संभाविता
III. मातृ मृत्यु दर
IV. देश पर ऋण की मात्रा
सही कथन हैं -

(A) I, II ✓
(B) I, IV
(C) II, III
(D) I, III

Q.134

अंतिम रूप से संविधान को अंगीकृत करते समय 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा के कितने सदस्यों ने वास्तविक रूप से उपस्थित होकर अपने हस्ताक्षरों को संलग्न किया था-

(A) 299
(B) 284 ✓
(C) 385
(D) 292

Q.135

निम्नांकित में से कौन सी महिला, भारत की संविधान सभा में देशी रियासतों की महिला प्रतिनिधि थी ?

(A) अम्मू स्वामीनाथन
(B) दक्षायनी वेलायुधन
(C) एनी मासकरीन ✓
(D) दुर्गाबाई देशमुख

Q.136

भारत के संविधान की उद्देशिका में किस 'स्वतंत्रता' का वर्णन नहीं है ?

(A) विचार
(B) विश्वास
(C) नैतिकता ✓
(D) उपासना

Q.137

निम्न में से कौन सा विकल्प सही नहीं है ?

(A) भारत के संविधान द्वारा नए राज्यों के गठन के लिए संसद को शक्ति प्रदान की गयी है।
(B) राष्ट्रपति द्वारा राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति की जाती है।
(C) संवैधानिक संशोधन के प्रस्तावों को भारत में राज्यों के द्वारा प्रारंभ नहीं किया जाता है।
(D) राज्य सभा में राज्यों का प्रतिनिधित्व एक समान होता है। ✓

Q.138

भारत के संविधान के अनुच्छेद 17 के अन्तर्गत, अस्पृश्यता को दण्डनीय अपराध बनाने के लिए, कानून बनाने की शक्ति, निम्नांकित में से किसके पास है ?

(A) भारत की संसद ✓
(B) भारत का राष्ट्रपति
(C) राज्य का राज्यपाल
(D) भारत का उच्चतम न्यायालय

Q.139

निम्नांकित में से किस आयोग/समिति द्वारा यह अनुशंसा की गई कि भारत के संविधान के भाग 4 का शीर्षक परिवर्तित कर इसे 'राज्य की नीति के निदेशक तत्व एवं अनुयोजन' कर दिया जाए?

(A) सरकारिया आयोग
(B) संविधान कार्यकरण की समीक्षा का राष्ट्रीय आयोग ✓
(C) स्वर्णसिंह समिति
(D) वी.एस. मलीमथ समिति

Q.140

यदि किसी राज्य सरकार के द्वारा पंथ निरपेक्षता-विरोधी नीतियों को लागू किया जाता है तो अनुच्छेद-356 के अन्तर्गत राज्य सरकार के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है । उच्चतम न्यायालय द्वारा यह निर्धारित किया गया था -

(A) राजस्थान राज्य बनाम भारत का संघ (1977) में
(B) कर्नाटक राज्य बनाम भारत का संघ (1978) में
(C) एस.आर. बोम्मई बनाम भारत का संघ (1994) में ✓
(D) दारा सिंह बनाम भारत का गणतंत्र (2011) में

Q.141

भारत में करारोपण की अवशिष्ट शक्तियाँ किसमें निहित हैं ?

(A) वित्त आयोग
(B) संसद ✓
(C) योजना आयोग
(D) राष्ट्रीय विकास परिषद

Q.142

निम्नांकित में से किस समिति/आयोग ने यह सिफारिश की थी कि 'केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल' को सम्बन्धित राज्य की सहमति या निवेदन के बिना उस राज्य में तैनात नहीं किया जाना चाहिए ?

(A) प्रशासनिक सुधार आयोग
(B) राजमन्नार समिति ✓
(C) सन्थानम समिति
(D) शाह आयोग

Q.143

भारतीय संविधान के अंतर्गत 263 के उपबन्धों के अंतर्गत राष्ट्रपति निम्नलिखित में से किस हित की सिद्धि के लिए अंतर राज्य परिषद की स्थापना करता है-

(A) राष्ट्र की अखंडता के हित में
(B) लोकहित में ✓
(C) राष्ट्र की एकता के हित में
(D) संघ के हित में

Q.144

संविधान के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा दिए गए त्यागपत्र की सूचना उपराष्ट्रपति द्वारा तुरंत दी जाएगी-

(A) प्रधानमंत्री
(B) भारत के मुख्य न्यायमूर्ति को
(C) मुख्य निर्वाचन आयुक्त को
(D) लोकसभा स्पीकर को ✓

Q.145

राष्ट्रपति के चुनाव से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का निर्णय किया जाता है -

(A) उच्चतम न्यायालय द्वारा ✓
(B) उच्च न्यायालय द्वारा
(C) लोक सभा द्वारा
(D) सांसदों की समिति द्वारा

Q.146

निम्नांकित में से 'विश्व-भारती' के कुलाधिपति (आचार्य) कौन हैं ?

(A) भारत के प्रधानमंत्री ✓
(B) भारत के राष्ट्रपति
(C) पश्चिम बंगाल के राज्यपाल
(D) पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री

Q.147

निम्नांकित में से कौन से कृत्य भारत सरकार की सुरक्षा सम्बन्धी मंत्रिमण्डल समिति के हैं ?
(A) रक्षा सम्बन्धी सभी मुद्दों से निपटना ।
(B) विधि और व्यवस्था तथा आंतरिक सुरक्षा सम्बन्धी मुद्दों से निपटना ।
(C) विदेशी मामलों से सम्बन्धित ऐसे नीतिगत विषयों से निपटना, जिनका आन्तरिक अथवा बाह्य सुरक्षा पर प्रभाव पड़ता हो, जिसके अन्तर्गत सुरक्षा सम्बन्धी मुद्दों पर अन्य देशों के साथ करारों से सम्बन्धित मामले भी शामिल हैं ।
(D) राष्ट्रीय सुरक्षा का अतिक्रमण करने वाले आर्थिक एवं राजनीतिक मुद्दों से निपटना ।
सही उत्तर हैं :

(A) (A) एवं (B)
(B) (A), (B) एवं (C)
(C) (B), (C) एवं (D)
(D) (A), (B), (C) एवं (D) ✓

Q.148

निम्नांकित में से किस वाद में, भारत के उच्चतम न्यायालय ने यह उल्लेख किया कि 'संसदीय विशेषाधिकार संविधान का अभिन्न अंग है' ?

(A) सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य, 1965
(B) एम.एस.एम. शर्मा बनाम कृष्ण सिन्हा, 1959 ✓
(C) एस.एस. धनोआ बनाम भारत संघ, 1991
(D) यू.एन.आर. राव बनाम श्रीमती इन्दिरा गांधी, 1971

Q.149

राज्य सभा के मनोनीत सदस्यों के विशेष ज्ञान के संदर्भ में संविधान में वर्णित सही समूह पहचानिए -

(A) साहित्य, संस्कृति, विज्ञान, वाणिज्य
(B) कला, साहित्य, समाज सेवा, विज्ञान
(C) साहित्य, कला, संस्कृति, विज्ञान
(D) साहित्य, विज्ञान, कला, समाज सेवा ✓

Q.150

भारत के संविधान के अनुच्छेद 145(3) के अन्तर्गत भारत के संविधान के निर्वाचन के बारे में विधि का कोई सारवान प्रश्न अन्तर्वलित है, उसका विनिश्चय करने के लिए बैठने वाले न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या कितनी होगी ?

(A) 3

(B) 5 ✓

(C) 7

(D) 9



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in